परेशानी — रांझी-गोकलपुर सड़क पर धरने पर बैठे, बोले महिनों से समस्या, समाधान नहीं

# छात्रावास में पानी की किल्लत, छात्रों ने किया चकाजाम



**जबलपुर।** रांझी गोकलपुर मार्ग पर जबलपुर इंजीनियरिंग कालेज के छात्रावास में रविवार दोपहर उस वक्त हंगामा खड़ा हो गया जब पानी की किल्लत को लेकर छात्र बिफर गए। छात्रों ने हंगामा शुरू कर दिया । इसके बाद कैम्पस से बाहर निकले और चिलचिलाती धूप में सड़क पर चक्काजाम कर धरने पर बैठ गए। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंच गई और मोर्चा संभाला । छात्रों को प्रदर्शन न करने की समझाईश दी । छात्रों का कहना रहा कि महीनों से पानी की समस्या बनी हुई लेकिन छात्रावास प्रबंधन द्वारा समस्या का समाधान नहीं किया जा रहा है । भीषण गर्मी में पानी की किल्लत होने से छात्र परेशान है। वार्डन से भी बात कराई गई। छात्रों को आश्वासन दिया गया कि पानी की समस्या को दूर किया जायेगा। पुलिस की समझाईश के एक घंटे बाद छात्र हटे।

### हाथ में बाल्टी, डिब्बा लेकर निकले

जबलपुर इंजीनियरिंग कालेज के छात्रावास में पानी की की किल्लत है । जिसके चलते छात्रावास क्रमांक सात और आठ के छात्रावासी छात्रों ने मोर्चा खोला ।उनका आरोप है कि पिछले आठ माह से छात्रावास में पानी की आपूर्ति प्रभावित है। जिसके चलते वे हाथ में बाल्टी, डिब्बा लेकर प्रदर्शन करने मजबूर हुए । छात्रावास से निकलकर छात्र सड़क पर पहुंचे और रांझी गोकलपुर मार्ग पर चक्का जाम कर दिया था।

### कैंपस से शुरू हुआ हंगामा सड़क पर लगा जाम

छात्रों ने पहले कैम्पस से हंगामा शुरू किया। जब उनकी सुनवाई नहीं हुई तो वे उग्र हो गए। इसके बाद सड़क पर उतर गए थे ।बीच सड़क पर धरने पर बैठ गए । इस दौरान जाम लग गया। वाहनों की कतारे लग गई। मामले की सूचना मिलते ही रांझी पुलिस मौके पर पहुंच गई और उन्हें समझाइश दी।

### कई शिकायतें की, सुनवाई नहीं

छात्रों का आरोप रहा कि उन्होंने कालेज प्राचार्य से लेकर छात्रावास प्रबंधन से पानी की किल्लत को लेकर शिकायतें की लेकिन समधान नहीं किया गया । जिसके चलते पानी की किल्लत बनी हुई है। बताया जाता है कि पानी चढ़ाने वाली मोटर खराब पड़ी है जिसके चलते पानी की समस्या और बढ़ गई है। हालांकि बाद में आश्वासन के बाद छात्र माने और प्रदर्शन समाप्त हुआ।

# चाकूबाजी में चाचा-भतीजे समेत पांच घायल

**जबलपुर।** शहर में चाकूबाजी ने जमकर लहू बहाया। जिसमें चाचा-भतीजे समेत पांच लोग घायल हो गए। जिन्हें तत्काल उपचार के लिए अस्पताल ले जाया गया । ये वारदातें रांझी, गोहलपुर, माढ़ोताल थाना क्षेत्र में हुई। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ प्रकरण दर्ज कर लिया है। रांझी पुलिस ने बताया कि रवि सिंह राजपूत 22 वर्ष निवासी चंद्रमोहन नगर झंडा चौक ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि सम्मान कोल एवं राजदीप ठाकुर दोनों बोले कि यदि तुम्हे मोहल्ले में अच्छे से रहना है तो हर माह रंगदारी के रूप में 5 हजार रूपये देना पड़ेगा, रूपये देने से मना किया तो दोनों उसके साथ मारपीट करने लगे, सम्मान कोल ने चाकू से हमलाकर चोट पहुंचा दी । इसी प्रकार गोहलपुर थाने में अजय गुप्ता 30 वर्ष निवासी नर्मदानगर मालगुजार परिसर गोहलपुर ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि दमोहनाका में 3 अज्ञात लड़के आकर उससे 10 रूपये का खीरा लिये, उसने खीरा के पैसे मांगे तो विवाद करने लगे, शराब पीने के लिये 500 रूपये मांगने लगे, मना करने पर तीनों में से एक लड़के ने चाकू से हमलाकर उसे चोट पहुंचा दी । इसी प्रकार गोहलपुर थाने में लकी चौधरी 17 वर्ष निवासी अमखेरा ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि उसके घर पर शादी का कार्यक्रम चल रहा था तभी पड़ोस में रहने वाले नमन चौधरी, गौरव चौधरी, निहाल चौधरी उसके घर के सामने मिले कहने लगे कि तेरे चाचा की शादी है शराब पीने के लिये पैसे दो, उसने पैसे देने से मना किया तो तीनों हाथ मुक्कों से मारपीट करने लगे, नमन ने चाकू से हमलाकर उसे चोट पहुंचा दी आवाज सुनकर उसके चाचा रवि चौधरी बीच बचाव करने आये, नमन चौधरी ने अपने साथी प्रिंस चौधरी, बाबू चौधरी, आर्यन चौधरी को आवाज लगाकर बुला लिया जो तीनों आकर चाचा के साथ मारपीट करने लगे गौरव चौधरी ने चाकू से हमलाकर चाचा को भी चोट पहुंचा दी। इसी प्रकार माढ़ोताल थाने में राजा अहिरवार 16 वर्ष निवासी प्रभातनगर माढ़ोताल ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि घर के पास खड़ा था तभी मोहल्ले का राहुल आकर कहने लगा कि तुमने मेरा नाम रिपोर्ट में लिखवाया है कहते हुये विवाद करने लगा, राहुल ने चाकू से हमलाकर कर चोट पहुंचा दी।

### किराये की कार बिगड़ी तो मालिक को चाकू से गोदा

तिलवारा थाना अंतर्गत एन एच 45 सर्विस रोड कार बिगड़ने पर खर्च हुई रकम को लेकर उपजे विवाद पर बदमाशों ने कार मालिक पर चाकू से ताबड़तोड़ हमला कर दिया। बीच बचाव करने पहुंचे उसके भाई के साथ भी मारपीट कर दी । पुलिस के मुताबिक नरेन्द्र पटेल 35 वर्ष निवासी विरमानी फार्म हाउस के पास तिलवारा घाट ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि वह ट्रांसपोर्ट में गाड़ियां किराये से देता है। अंकित पटेल निवासी चौकीताल को उसने अपनी स्विफ्ट कार क्रमांक एमपी 20 जेड वाय 0730 को चौबीस घण्ट के लिये 2 हजार रूपये के हिसाब से किराये पर दिया था। अंकित उसकी कार देने के लिये सुरेन्द्र गैरेज के पास एन एच 45 सर्विस रोड पर बुलाया था वहां पर अंकित के साथ दिब्बु पटेल एवं सत्यम यादव खड़े थे अंकित बोला कि कार खराब हो गयी है कार सुधरवाने में 50 हजार रूपये खर्चा हो गये, अंकित के कहने पर उसने तीन हजार रूपये दिये तो अंकित बोला कि 20 हजार रूपये और दो तभी कार की चाबी दूंगा, वह अंकित पटेल से अपनी कार की चाबी लेने लगा इसी बात पर अंकित पटैल विवाद करने लगा। दिब्बु ने चाकू से हमला जिससे उसे चोटें आ गई। तीनो ने उसके साथ मारपीट की वहां से निकल रहे उसके भाई अरविन्द बीच बचाव करने आये तो सत्यम यादव ने भाई अरविन्द की गर्दन पकड़ ली। अंकित एवं दिब्बु ने भाई अरविन्द के साथ हाथ मुक्कों से मारपीट की और भाग गए। पुलिस ने रिपोर्ट पर प्रकरण दर्ज कर लिया है।

# 5 घंटे में पुलिस ने दबोचे 250 वारंटी



**जबलपुर।** शहर से लेकर ग्रामीण अंचल की पुलिस ने कॉम्बिंग गश्त की। 5 घंटे में कई वर्षों से फरार 136 गैर म्यादी वारिटयों एवं 76 गिरफ्तारी वारंट तामील किए गए। 38 जमानती वारंट भी तामील किए गए है। अधिकांश आरोपी लंबे समय से पुलिस से बचते फिर रहे थे, जिन्हें गिरफ्तार कर न्यायालय के समक्ष पेश किया जा रहा है। कॉम्बिग गस्त के दौरान वारंटी एवं लंबित मामलों में फरार आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए शहर एवं देहात के थानों में पदस्थ लगभग अधिकारी एवं कर्मचारियों की टीमें बनाई गई, एक टीम के प्रभारी थाना प्रभारी स्वयं थे, अन्य टीम के प्रभारी उप निरीक्षक, सहायक उप निरीक्षक स्तर के अधिकारी थे। कॉम्बिंग गश्त अपराधों की रोकथाम के लिए पुलिस अधीक्षक सम्पत उपाध्याय ने रात्रि 9 बजे से रात्रि 2 बजे तक एएसपी शहर आयुष गुप्ता, एएसपी अपराध जितेन्द्र सिंह, एएसपी जोन 2 सुश्री पल्लवी शुक्ला, एएसपी ग्रामीण सूर्यकांत शर्मा के मार्ग निर्देशन में कराई गई। इसके साथ ही कांबिंग गस्त के दौरान सक्रिय गुंडे बदमाशों को चेक करते हुए देर रात आने जाने वालों से रोक-टोक पूछताछ एवं रेलवे स्टेशन तथा बस स्टैंड के साथ-साथ मुसाफिरखाना में संदिग्ध व्यक्तियों, वाहनों की चेकिंग की गई।

# आधारताल में मनाई डॉ. भीमराव अंबेडकर जयंती



**नवभारत, जबलपुर।** संयुक्त बौद्ध विहार समिति, आधारताल में भारतीय संविधान के निर्माता डॉ. भीमराव आंबेडकर की जयंती बड़े हर्षोल्लास के साथ मनाई गई। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि डॉ. देवीलता रावत (आर.डी.वी.वी., विधि विभाग) ने गौतम बुद्ध एवं डॉ. आंबेडकर के चित्र पर दीप प्रज्वलित कर माल्यार्पण किया। विशिष्ट अतिथियों में पार्षद महेश राजपूत, रमाताई झाडापे, जे.पी. नव्हेट बौद्ध और यादव राव मेश्राम ने पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी। कार्यक्रम की अध्यक्षता रेमश कामड़े ने की।

अपने संबोधन में डॉ. देवीलता रावत ने कहा कि डॉ. आंबेडकर ज्ञान और सामाजिक न्याय के प्रतीक हैं। रमाताई झाडापे ने उन्हें भारत के प्रथम कानून मंत्री और महान अर्थशास्त्री बताया। महेश राजपूत ने उनके विदेश अध्ययन और संघर्षों पर प्रकाश डाला, जबकि जे.पी. नव्हेट बौद्ध ने बुद्ध, सम्राट अशोक और आंबेडकर के योगदान को याद किया। यादव राव मेश्राम ने जल अधिकार के लिए उनके सत्याग्रह का उल्लेख किया। अध्यक्ष रेमश कामड़े ने आभार व्यक्त करते हुए समाज में शिक्षा, एकता और प्रगति पर जोर दिया। कार्यक्रम के अंत में उपस्थित उपासक-उपासिकाओं को बूंदी, सेव और खीर का प्रसाद वितरित किया गया। कार्यक्रम के सफल आयोजन में धम्म सेवा समिति के शैलेन्द्र मेश्राम, दिलीप गनवीर, सचिन मेश्राम, सदेश कामडे, आशिक पाटिल, मनीष मेश्राम, सुनिल मानकर, वीरेन्द्र बौद्ध, बालचन्द्र घर्डे, नन्दकिशोर पाटिल, प्रकाश नाथ चौर, अर्जुन पाटिल, पंकज मेश्राम, प्रमोद सावनकर, ईश्वरी ताई सहित अन्य सदस्यों का विशेष योगदान रहा।

## एक नजर में

### एक्टिवा अड़ाकर रोकी बाइक, छात्र पर हमला



**जबलपुर।** अधारताल थाना अंतर्गत शोभापुर काली मंदिर के सामने बदमाशों ने एक्टिवा अड़ाकर बाइक रोकी और रंगदारी मांगने लगे। मना करने पर बौलखाएं बदमाशों ने छात्र की पिटाई करते हुए ईंट से हमला कर उसे घायल कर दिया और भाग निकले। पुलिस के मुताबिक शनिवार शाम कृष्णा चौहान 16 वर्ष निवासी तीन पुलिया के पास कंचनपुर ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि वह पढ़ाई करता है वह पढ़ाई के सिलसिले में अपने दोस्त के घर अपनी बाईक से शोभापुर गया था दोपहर लगभग 2-30 बजे वह शोभापुर से दोस्त के घर से लौट रहा था शोभापुर काली मंदिर के सामने आयुष पंडा अपनी काले रंग की एक्टिवा में मिर्ची और शिवा के साथ आकर उसकी बाईक के सामने लगाकर उसे रोका, आयुश पंडा उससे 500 रूपये मांगने लगा, उसने रूपये देने से मना किया तो शिवा और मिर्ची हाथ मुक्कों से मारपीट करने लगे तभी उसके चाचा अमित चौहान और पापा अनिल चौहान को आते देखकर आयुष पंडा ने ईंट से हमलाकर उसके सिर में चोट पहुँचा दी।

### पुलिस ने सटोरिए को दबोचा, नगदी बरामद



**जबलपुर।** ओमती पुलिस ने मॉडल रोड स्थित सेंट नार्बद स्कूल के पीछे दबिश देकर एक सटोरिये को सट्टा पट्टी लिखते रंगे हाथों गिरफ्तार किया है। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार मुखबिर से खबर मिली कि सेंट नार्बद स्कूल के पीछे बस स्टॉप के पास एक युवक मोबाइल और पर्चियों के जरिए अवैध सट्टा खिला रहा है। सूचना मिलते ही पुलिस टीम ने योजनाबद्ध तरीके से घेराबंदी की। पुलिस की आहट पाते ही आरोपी ने भागने का प्रयास किया, लेकिन सटोरिए शिवा केशरवानी (22) निवासी बस्ती नंबर 1, गोहलपुर को पकड़ लिया गया पुलिस ने जब युवक की तलाशी ली, तो उसके पास से सट्टे के दांव लगी पर्चियां, एक मोबाइल फोन और सट्टे की कमाई के कुल 20,350 रुपये नगद बरामद किए गए।

### शिव महापुराण कथा एवं रुद्राभिषेक आज से

**नवभारत, जबलपुर।** भीमनगर, गौरीघाट स्थित पानी की टंकी के पास स्थित निज निवास में शिव महापुराण कथा एवं रुद्राभिषेक का भव्य आयोजन आज से किया जा रहा है। यह धार्मिक 28 अप्रैल 2026 तक चलेगा। कार्यक्रम का शुभारंभ आज प्रात: 9 बजे कलश यात्रा के साथ होगा। इसके पश्चात प्रतिदिन प्रात: 8 बजे से पूजन एवं रुद्राभिषेक तथा दोपहर 3 बजे से शिव महापुराण कथा का आयोजन किया जाएगा। कथा का वाचन वृन्दावन श्रीधाम के प्रसिद्ध कथा व्यास पंडित रामजी तिवारी द्वारा किया जाएगा। कार्यक्रम का समापन 28 अप्रैल, मंगलवार को पूर्ण आहुति एवं भंडारे के साथ सायं 7 बजे किया जाएगा। इस धार्मिक आयोजन के आयोजक पं. राजकुमार तिवारी (राजू), विनीत राम नरेश तिवारी हैं। स्वागत समिति में वेदनाथ तिवारी, रामकुमार तिवारी, शिवकुमार तिवारी, रमापति तिवारी, उमापति तिवारी (प्रधान), नन्द कुमार तिवारी, राजू तिवारी, अविनाश तिवारी सहित समस्त परिवारजन सम्मिलित हैं। सदस्य महेन्द्र त्रिपाठी, महादेव त्रिपाठी, मुकेश तिवारी, रत्नेश तिवारी, श्रीकान्त (मोहित) तिवारी, राधेश्याम तिवारी, बृजनाथ तिवारी, घनश्याम तिवारी, रमेश तिवारी, उमेश तिवारी, संजय तिवारी, संतोष तिवारी, देवेन्द्र तिवारी, कृष्णदेव तिवारी आदि ने समस्त श्रद्धालुओं से धर्म लाभ लेने की अपील की है।

# युवक ने शादी का वादा कर महिला अधिवक्ता से वर्षों तक किया दुष्कर्म

**विश्वासघात कर आरोपी ने दूसरी युवती से की कोर्ट मैरिज**



**जबलपुर।** एक युवक ने शादी का वादा कर महिला वकील को सात साल तक अपने प्रेम जाल में फंसाए रखा और जब शादी की बारी आई, तो गुपचुप तरीके से दूसरी युवती से विवाह कर लिया। पीड़िता की शिकायत पर भेड़ाघाट पुलिस ने एफआईआर दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार ओमती निवासी 30 वर्षीय पीड़िता अधिवक्ता हैं। साल 2016 में जब वह प्रतियोगी परीक्षाओं की कोचिंग कर रही थीं, तब उसकी पहचान भेड़ाघाट निवासी शुभम पटेल (32) से हुई थी। शुभम ने मेल-जोल बढ़ाकर पीड़िता को अपने प्रेम जाल में फंसा लिया और शादी का भरोसा दिलाया। पीड़िता ने बताया कि साल 2017 में शुभम उसे भेड़ाघाट स्थित एक होटल में ले गया, जहाँ उसने पहली बार उसकी मर्जी के खिलाफ शारीरिक संबंध बनाए। विरोध करने पर आरोपी ने जल्द शादी करने का वादा किया। इसके बाद वह लगातार पीड़िता का शारीरिक शोषण करता रहा। हाल ही में पीड़िता को पता चला कि शुभम ने उसे अंधेरे में रखकर किसी दूसरी युवती से कोर्ट मैरिज कर ली है। जब पीड़िता ने इस विश्वासघात का कारण पूछा और अपना हक मांगा, तो आरोपी ने शादी करने से साफ इनकार कर दिया और उसे धमकी दी। आरोपी के व्यवहार से तंग आकर पीड़िता ने भेड़ाघाट थाने में आपबीती सुनाई। पुलिस ने आरोपी शुभम पटेल के खिलाफ दुष्कर्म और अन्य धाराओं के तहत मामला दर्ज कर लिया है।



# विशेषज्ञों ने दी रोग प्रबंधन और देखभाल से जुड़ी जानकारी

**पार्किंसन जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन**

**नवभारत, जबलपुर।** रविवार को आदित्य अस्पताल में वरिष्ठ न्यूरोलॉजिस्ट डॉ. तरुण नागपाल के मार्गदर्शन में पार्किंसन रोग जागरूकता कार्यक्रम का सफल आयोजन किया गया। इस अवसर पर 'पार्किंसन डिज़ीज़ मूवमेंट डिसऑर्डर सोसाइटी' की मध्य भारत में जबलपुर इकाई का शुभारंभ भी किया गया।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि प्रो. डॉ. नवनीत सक्सेना (डीन, नेताजी सुभाष चंद्र बोस मेडिकल कॉलेज) ने पहल की सराहना करते हुए मरीजों एवं उनके देखभालकर्ताओं की भूमिका को अहम बताया। डॉ. तरुण नागपाल ने रोग के लक्षणों और संकेतों पर प्रकाश डालते हुए दैनिक जीवन को सरल बनाने के उपाय साझा किए। वहीं डॉ. अपूर्वा, डॉ. अदित और योगाचार्य पांडेय ने फिजियोथेरेपी, पुनर्वास और उपयोगी व्यायामों के महत्व पर जानकारी दी। कार्यक्रम में अस्पताल स्टाफ द्वारा पोस्टर प्रदर्शनी और नुक्कड़ नाटक का आयोजन भी किया गया, जिसे दर्शकों ने सराहा। इस दौरान वरिष्ठ न्यूरोलॉजिस्ट डॉ. राजेश पटेल, अस्पताल निदेशक डॉ. ओ.पी. सिसोदिया, डॉ. विश्वास शर्मा, डॉ. आशीष टंडन, डॉ. शब्बीर हुसैन और डॉ. अजय फौजदार की गरिमामयी उपस्थिति रही। कार्यक्रम की सफलता में सीईओ संपदा कुलकर्णी और एडमिन सुमित दास का विशेष योगदान रहा।

# नानाजी देशमुख पशु चिकित्सालय में नए हाल का भूमिपूजन

**250 क्षमता वाले भवन से परीक्षा व्यवस्था होगी सुदृढ़**



**नवभारत, जबलपुर।** अक्षय तृतीया के शुभ अवसर पर नानाजी देशमुख पशु चिकित्सा विज्ञान विश्वविद्यालय परिसर में परीक्षा, शैक्षणिक एवं अन्य गतिविधियों के सुचारु संचालन हेतु प्रस्तावित नवीन हाल निर्माण का विधिवत भूमि पूजन सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि कुलपति डॉ. मनदीप शर्मा रहे, जिनकी गरिमामयी उपस्थिति में वैदिक मंत्रोच्चार के साथ पूजन संपन्न कराया गया। अपने उद्बोधन में कुलपति ने कहा कि नए भवन के निर्माण से विश्वविद्यालय की परीक्षा प्रणाली और अन्य शैक्षणिक गतिविधियां अधिक सुव्यवस्थित और प्रभावी होंगी। प्रस्तावित भवन 250 लोगों की क्षमता का होगा, जिसमें परीक्षाओं सहित विभिन्न अकादमिक कार्यक्रम आयोजित किए जा सकेंगे। इस निर्माण कार्य के लिए वित्तीय सहायता भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद द्वारा प्रदान की जा रही है। कार्यक्रम में कुलसचिव डॉ. एस.एस. तोमर, संपदा अधिकारी डॉ. एस.के. कारमोरे, डॉ. जी.पी. लखानी, डॉ. सुनील नायक, अधिष्ठाता मत्स्य विज्ञान महाविद्यालय डॉ. एस.के. महाजन, डॉ. सुदीप्तो घोष, डॉ. बी. राय, डॉ. रणविजय सिंह, डॉ. अनिल शिंदे, सूचना एवं जनसंपर्क अधिकारी डॉ. सोना दुबे सहित विश्वविद्यालय के अधिकारी, कर्मचारी एवं छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।




# 11 वरिष्ठजनों का किया सम्मान सांस्कृतिक कार्यक्रमों ने बांधा समां

**नवभारत, जबलपुर।** सारस्वत पंजाबी ब्राह्मण बिरादरी द्वारा परशुराम प्रकटोत्सव के अवसर पर सनातन धर्म पब्लिक स्कूल हाथीताल में भव्य कार्यक्रम आयोजित किया गया। मुख्य अतिथि पं. तरुण भनोत रहे। कार्यक्रम में हवन-पूजन के साथ सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दी गईं। समाज के 11 वरिष्ठजनों — डॉ. रमेश कुमार शर्मा, आर.एन. शर्मा, किशन लाल शर्मा, कैलाश कालिया, डॉ. अनंत विजय लखनपाल, बी.के. शर्मा, नरेश कौशल, सी.आर. शर्मा, कृष्णा बाली, शशिबाला शर्मा, बालकृष्ण शर्मा — का सम्मान किया गया। दीपक मेहता ने भजन प्रस्तुत कर वातावरण को भक्तिमय बना दिया। अंत में भंडारे का आयोजन किया गया।

स्वच्छता अभियान — स्वच्छता अभियान चलाकर नागरिकों को दिया जागरूकता का संदेश

# विश्व प्रसिद्ध भेड़ाघाट के धुआंधार में गंदगी का लगा अंबार



**नवभारत, जबलपुर।** विश्व प्रसिद्ध पर्यटन एवं आस्था का केंद्र भेड़ाघाट धुआंधार क्षेत्र इन दिनों गंदगी की समस्या से जूझ रहा है। क्षेत्र में जगह.जगह फैली पन्नियां, गुटखा के पाउच, डायपर, तेल-शैम्पू के पाउच, पानी की बातलें, शराब की बोतलें, खराब कपड़े, बाल तथा अन्य कचरे के कारण यहां की प्राकृतिक सुंदरता प्रभावित हो रही है। इसी स्थिति को देखते हुए सनातन सर्वोपरि संघ के माध्यम से क्षेत्र में विशेष स्वच्छता अभियान चलाया गया। जिसमें थैलेसीमिया जनजागरण समिति मप्र व हम हैं न फाउण्डेशन के पदाधिकारी भी मौजूद रहे। अभियान के दौरान सभी ने संगमरमरी वादियों में फैली गंदगी से कचरा एकत्रित कर उन्हें व्यवस्थित स्थान पर पहुंचाया। इस मौके पर नगर पालिका परिषद भेड़ाघाट का भी सहयोग रहा। इस मौके पर सभी ने यहां आने वाले नागरिकों और पर्यटकों से अपील की कि वे धार्मिक एवं पर्यटन स्थलों की स्वच्छता बनाए रखने में अपनी जिम्मेदारी निभाएं। मां नर्मदा के तट एवं धुआंधार जैसे पवित्र स्थल पर गंदगी फैलाना न केवल पर्यावरण बल्कि आस्था के विरुद्ध भी है। उन्होंने कहा कि यदि सभी नागरिक जागरूकता दिखाएं और कचरा निर्धारित स्थान पर ही डालें, तो भेड़ाघाट धुआंधार की प्राकृतिक सुंदरता और पवित्रता लंबे समय तक सुरक्षित रखी जा सकती है। स्वच्छता अभियान के माध्यम से संघ ने यह संदेश देने का प्रयास किया कि सामाजिक सहभागिता से ही तीर्थ एवं पर्यटन स्थलों को स्वच्छ और सुंदर बनाया जा सकता है।